हो रहे हादसे **जर्जर हुई शहर की ज्यादातर सड़कें**

महीने भर में ही बह गया लीपा-पोती का डामर

जबलपुर, नवभारत। महीने भर की बरसात ने शहर की सडकों की हालत पतली कर दी है। इन सड़को पर लगा भ्रष्टाचार का डामर चंद दिनों में ही बह गया। बता दे कि मानसून आने के कुछ महीनों पहले ही लाखों रुपए लगाकर बनाई गई सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है। आलम ये है कि कलेक्ट्रेट, सिविल लाइन, आदर्श नगर, ग्वारीघाट की ओर जाने वाली सड़कों पर चलना तक मुश्किल हो गया है। मालूम हो कि इन सडकों से वे इंजीनियर भी गुजरते हैं, जिन्होंने इन सड़को को तैयार किया है लेकिन उनके कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। बड़ी बात यह है कि नगर निगम ने भी इन सड़को में हुई लापरवाही पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। अभी तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है।

फैली हुई है गिट्टी, पड़ी है डस्ट

हाल फिलहाल स्थिति ये है कि न्यू आदर्श नगर की सडकों पर फैली गिट्टी और ब्लैक डस्ट दोपहिया चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। वही कलेक्ट्रेट और रेलवे स्टेशन मार्ग पर जगह जगह डस्ट पड़ी हुई है। बात करे एमआर-4 रोड से कछपुरा ब्रिज के बगल से गुजरने वाली सड़क की तो यहां डामर बारिश में उधड़ जाने से गिट्टी और डस्ट फैल गई है। लोगों कि माने तो दोपहिया चालक ब्रेक लगाते हैं, तो वाहन 5 फीट तक फिसल जाते है। इस वजह से कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बावजूद इसके सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

हवा में उड़ती डस्ट

तीसरे पुल, कलेक्ट्रेट मार्ग एवं सिविल लाइन के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश रुक जाने से सड़को पर पड़ी डस्ट अब वाहनों के निकलते ही उड़ने लगी है। जिसके चलते घरों के खिड़की दरवाजे खोलने में दिक्कत हो रही है। इस सम्बंध में नगर निगम और संबंधित विभागों से कई बार शिकायत की, लेकिन न तो सड़क की सफाई हुई और न ही डस्ट को हटाया गया। लोगो ने यह भी आरोप लगाए कि अगर सड़को में पड़ी गिट्टी और डस्ट से फिसलकर किसी की जान चली जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

इनका कहना है

सड़कों पर जगह जगह फैली डस्ट और गिट्टी दो पहिया वाहन चालकों के लिए रिस्की हो गई है। गाड़ियों में ब्रेक लगाते ही वह फिसल जाते हैं आए दिन हादसे हो रहे हैं।

विजय जाटव

बरसात के रुक जाने से सड़कों पर पड़ी डस्ट और गिट्टी अब वाहनों के निकलते ही उड़ने लगी है। जो सेहत के लिए हानिकारक है।

गीता रैकवार

खस्ता हो चुकी सड़कों की मरम्मत बरसात का मौसम निकल जाने के बाद ही किया जाएगा। ज्यादा खराब हो चुकी सड़कों में फिलिंग की जाएगी।

शैलेंद्र मिश्रा, कार्य यंत्री, लोक निर्माण विभाग

विमानन कंपनियों को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

कमर्शियल डाटा पेश करने के दिये निर्देश

जबलपुर। डुमना एयरपोर्ट से बड़े शहरों के लिए फ्लाइट की संख्या बढ़ाने के संबंध में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने विमानन कंपनियों को फटकार लगाते हुए कहा कि डुमना एयरपोर्ट को बंद कर दिया जाये। युगलपीठ ने विमानन कंपनियों को पूरा कमर्शियल डाटा पेश करने के आदेश जारी किये। इसके अलावा युगलपीठ ने सरकार को तीन विंदुओ पर जवाब पेश करने के निर्देश भी जारी किये हैं। याचिका पर अगली सुनवाई 28 अगस्त को निर्धारित की गयी है।

दरअसल नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। नोटिस जारी होने के बाद विमानन कंपनियों ने अपने जवाब में कहा था कि अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। हाल ही में भोपाल के लिए फ्लाइट भी बंद कर दी गई है। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरु आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थीं। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाईट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में इनकी संख्या कम हो गई है। मामले की पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एयरलाइंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर ठोस निर्णय लेने कहा था। मामले पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि बैठक के लिए पत्र लिखा, लेकिन कंपनी के अधिकारी नहीं पहुंचे। यह भी बताया गया कि सरकार ने एयरपोर्ट में कुछ सर्विस चार्ज कम भी कर दिये हैं। जिसके बाद न्यायालय ने पुन: बैठक करने और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये । वहीं राज्य शासन की ओर से पूर्व में कोर्ट को अवगत कराया गया था कि सरकार ने फरवरी 2025 में एक योजना बनाई है। इसमें एयरलाइंस कंपनियों को रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान सरकार की पहल के बावजूद भी विमानन कंपनियों की उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त तल्ख टिप्पणी की।

घमापुर में युवक की हत्या, तीन घायल

घर पर पत्थर फेंकने के विवाद पर चले चाकू-तलवार, लट्ठ

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत लालमाटी में घर पर पत्थर फेंकने के विवाद पर चाकू, तलवार व लट्ठ चल गए जिसमें एक युवक की हत्या कर दी गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक अंशुल मेहरोलिया 19 वर्ष निवासी लालमाटी सिंधी सिंगल क्वाटर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीकाम की पढ़ाई करता है, घर के पास करू आया और उसके भाई यश मेहरोलिया को बोला कि तूने मेरे घर पर पत्थर क्यों फैंका उसके भाई ने कहा पत्थर हमने नहीं फैंका, तभी करू ने अपने भाई सोना को बुला लिया, सोना अपने दोस्त सत्यम लखेरा, शुभम लखेरा, सुंदरम लखेरा को लेकर आया, सोना सिंधी हाथ में तलवार, सत्यम चाकू, शुभम एवं सुंदरम डंडे लिये थे। करू ने सोना के हाथ से तलवार लेकर जान से मारने की नियत से उसके भाई यश को तलवार से सिर में मारा तो यश ने अपने हाथ से रोका जिससे हाथ में चोट आयी दूसरी बार हमला कर यश के पैर में चोट पहुंचा दी, यश वहीं पर गिर गया तो सभी ने हाथ मुक्को एवं डण्डो से मारपीट कर सिर में गहरी चोट पहुंचा दी उसने एवं मॉ किरण, पापा किशोर जीजा अनुराज ने बीच बचाव किया तो सत्यम ने चाकू, करू ने तलवार व सुंदरम ने डण्डे, सोना ने पत्थर से हमला कर उसके हाथ पैर, मॉ को सिर, पैर, एवं जीजा को पैर में चोट आ गयी, और भी लोग बचाने आया तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। वही दौरान उपचार के यश मेहरोलिया 21 वर्ष की मौत हो गई।

घास उखाड़ते समय कुएं में गिरी महिला, मौत

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत परासिया में घास उखाड़ते समय पैर फिसलने से एक महिला कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक खेम सिंह उइके 55 वर्ष निवासी ग्राम परासिया ने सूचना दी कि वह कल रेंगाझोरी चला गया था बच्चे बाहर अपने अपने काम से चले गये थे घर पर पत्नी श्रीमती नर्बद बाई उइके 50 वर्ष अकेली थी जब हम लोग घर वापस आने पर पत्नी घर में नहीं थी, पत्नी की तलाश किये नहीं मिली। सोमवार सुबह लगभग 8 बजे घर के पास बने कुआ में देखा पत्नी नर्बद बाई पानी में डूबी हुयी थी, उसकी पत्नी नर्बद बाई कुआ के पास लगी घास को उखाड़ रही थी घास उखड़ा पड़ा है घास उखाड़ते समय फिसल जाने से कुआ के पानी में डूब जाने से पत्नी की मौत हो गई।

चौथा पुल से भैंसासुर तक की रोड खस्ताहाल

खस्ताहाल सड़क का कांग्रेस पार्षद दल का विरोध

जबलपुर। चौथा पुल से भैंसासुर रोड़ तक की खस्ताहाल सड़क के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने कुंभकरणीय नींद में सो रही नगर भाजपा सरकार की जीवित प्रतिकात्मक कुंभकरण की झांकी बनाकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से ऐसे निर्माण कार्य जो कुछ ही माह में हुये हैं और आज उनकी हालत खस्ताहाल होती जा रही है। इसी क्रम में कुछ माह पूर्व ही चौथा पुल से भैंसासुर रोड की सड़क को बनाया गया था, जो कुछ माह ही चल सकी और वर्षा ऋतु के शुरूआती दिनों में ही उखड़ गई। कांग्रेस पार्षद दल द्वारा इसी के विरोध में कुभकरणीय नींद में सो रही नगर सरकार और महापौर को लेकर कुंभकरण की प्रतीकात्मक जीवित झांकी के साथ हाथों में तखतियाँ लेकर प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू, नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद सर्वश्री श्रीमती मुकीमा याकूब अंसारी, संतोष दुबे पाडा श्रीमती अदिति अतुल बाजपेई, गुड्डू तामसेतवार, अख्तर अंसारी, सत्येन्द्र चौबे गुड्डा, प्रमोद पटैल, राकेश पाण्डे, अनुपम जैन, रीतेश गुप्ता, रीतेश नोतनानी, मुन्ना पंडा, जतिन सप्रे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कूलरों में पाया गया लार्वा, 12 हजार का स्पॉट फाइन

संभाग 15 सुहागी में की गयी कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। शहर के सभी क्षेत्रों के साथ- साथ बाजार क्षेत्रों में लगे कूलरों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसके साथ साथ बड़े छोटे नाला नालियों जहाँ लार्वा पाये जाने की संभावना रहती है, वहाँ का भी सघन रूप से जाँच की जा रही है और जहाँ भी लार्वा पाया जाता है, वहाँ दवाईयों का छिड़काव कराकर विनिष्टिकरण करने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने संभाग 15 अन्तर्गत बाजार क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों के कूलरों की जाँच की गई। जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों के 3 प्रतिष्ठानों के कूलरों में लार्वा पाया गया, जिसके कारण मौके पर ही तीनों प्रतिष्ठानों के विरूद्ध स्पॉट फाइन की कार्यवाही कर 12 हजार रूपये की राशि वसूल की गई। यह कार्यवाही निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् की गई। कार्यवाही के दौरान टीम के सदस्यां में सहायक स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र राज, स्वास्थ निरीक्षक अनंत दुबे एवं संभाग 15 की स्वच्छता टीम आदि उपस्थित रहे।

पीएम आवास नहीं बनाने पर होगी कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। शासन के निर्देशानुसार पी.एम. आवास योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त कर निर्माण न करने वाले तथा उसका दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध अब कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में योजना के नोडल अधिकारी सुनील दुबे ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत स्व-आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को उनके खातों में राशि किश्तों में प्रदाय की जाती है। इस राशि से हितग्राही को स्वयं ही आवासों का निर्माण कराना होता हैं। लेकिन शिकायतें प्राप्त हो रहीं है कि हितग्राही पी.एम. आवास योजना की किश्तों से आवास निर्माण न कराकर राशि का अन्य चीजों में व्यय किया गया है, जो न्यायोजित नहीं है।

हिस्ट्रीशीटर रज्जाक के फरार भतीजे पर एक और एफआईआर दर्ज

सुप्रा डायग्नॉस्टिक सेंटर में छापेमारी के दौरान मिली थी गड़बड़ियां, अनियमितताएं

जबलपुर। हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के फरार भतीजे मोहम्मद शहबाज के राईट टाउन स्थित सुपा डायग्नॉस्टिक सेंटर में पुलिस, प्रशासनिक अमले ने छापा मार कार्रवाई की थी जिसमें भारी गड़बड़ियां, अनियमित्ताएं मिली थी। जिसके बाद सेंटर का पंजीयन निरस्त कर दिया गया था। दसकि साथ ही सेंटर बगल में बिना वैध पंजीयन के संचालित कॉस्मेटिक हब क्लीनिक को सील कर दिया गया था। इस मामले में अब लार्डगंज पुलिस ने शहबाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली हैं।

विदित हो कि सुपा डायग्नोस्टिक (ए यूनिट ऑफ सुप्रा ऐंटरप्राईज) एवं परिसर में संचालित कस्मैटिक हब क्लीनिक में 11 जुलाई 2025 को सुप्रा डायग्नोस्टिक (ए यूनिट ऑफ सुप्रा ऐंटरप्राईज) राईट टाउन में छोपमारी हुई थी। जांच में यह बात सामने आई थी कि पंजीकृत चिकित्सकों की अनुपस्थिति पंजीयन दस्तावेजों में अंकित रेडियोलजिस्ट व पैथलजिस्ट निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। किसी प्रकार की चिकित्सकीय निगरानी उपस्थित नहीं था। अनाधिकृत पैथालॉजी परीक्षण संचालन संचालित की जा रही थी। बिना अधिकृत विशेषज्ञ एवं दस्तावेजीय अनुमति के पैथालाजी जांच बायोमेडिकल वेस्ट और न ही दैनिक रिकार्ड प्रस्तुत किया गया। सुरक्षा उपकरण नहीं थे। क्लीनिक का संचालन बिना पंजीकृत के चल रहा था। इसके साथ ही अन्य अनियमित्ताएं, गड़बड़ियां मिली थी। मामले लार्डगंज पुलिस ने सीएमएचओ के जांच प्रतिवेदन पर सुप्रा डायग्नोस्टिक के संचालक मोहम्मद शहबाज निवासी बड़ी ओमती थाना ओमती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मंदिर में चोरी, श्रद्धालुओं में भड़का आक्रोश

ज्वालामुखी माता का पांच तोला मुकट, सोने की नथ, हार ले गए चोर

जबलपुर। सिहोरा स्थित ज्वालामुखी माता मंदिर का ताला तोड़कर चोर माता का पांच तोला मुकट, सोने कीनथ, हार और दान पेटी से नगदी चुराकर ले गए। मंदिर में चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश भड़क गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शारदा प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न. 2 सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर पालिका सिहोरा में स्वास्थ्य निरीक्षक के पद से वर्ष 2005 में सेवा निवृत्त हो चुका हैं। ज्वालामुखी मंदिर की देखरेख एवं पूजा पाठ करता है। मंदिर पूर्वजों के व्दारा बनाया गया है। बीती रात नौ बजे मातारानी की पूजा पाठ करके ताला बंद करके अपने घर आ गया था। सुबह 6 बजे श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिये गए थे उन्होंने देखा कि मंदिर के ताला टूटा हैं ज्वालामुखी देवी विराजमान है एवं हनुमान जी विराजमान है वहां पर ताला टूटे थे ज्वालामुखी माता के उपर चांदी का मुकुट करीब पांच तोला चांदी एवं सोने की नथ, माता जी के छोटे छोटे माला जिनमें सोने की गुरिया लगी थी एवं हार गायब था। दान पेटी से नगदी भी गायब थी।

चिकित्सा व शिक्षा के व्यापारियों का संरक्षक कौन ?

कांग्रेस नेता दिनेश यादव ने भाजपा सरकार को घेरा

जबलपुर। विगत दिवस आरएसएस प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने इंदौर कैंसर केयर के उद्घाटन में समाज को चिकित्सा और शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वर्तमान में यह बिलियन डॉलर के व्यापारी बन गए। इस पर जबलपुर लोकसभा कांग्रेस के प्रत्याशी रहे दिनेश यादव ने कहा कि संघ प्रमुख ने सच बोला, उन्हें धन्यवाद, कम से कम उन्होंने सच्चाई को स्वीकार तो किया, सरकारें तो अंधी, गूंगी, बहरी बनी हुई है, कांग्रेस नेता ने साथ में यही भी आरोप लगाया कि वर्तमान में चिकित्सा और शिक्षा के अधिकांश व्यापारी आरएसएस की सदस्यता लिए हुए हैं संघ की छत्रछाया में भाजपा सरकार के संरक्षण में जनता का आर्थिक शोषण भी कर रहे हैं और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेकर सरकारी खजाने को भी चूना लगा रहे हैं, यह किसी से छिपा नही है, चुनाव में भाजपा चिकित्सा और शिक्षा व्यापारियों से अच्छा खासा आर्थिक सहयोग भी लेती है तो फिर अपराधी कौन ? क्या संघ प्रमुख ऐसे व्यापारियों को चिन्हित करेंगे ? अपने संघ से हटाएंगे, या फिर जनता के संतोष के लिए नैतिकता की बाते सिर्फ मंच माइक तक ही सीमित रखेंगे, यह विचारणीय और चिन्तनीय हैं।

आरक्षक पुत्र की सड़क हादसे में मौत

जबलपुर। शहपुरा थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन मनाने आए आरक्षक पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधराज सिंह चौधरी मूलत: निवासी बरेहटा थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने सूचना दी कि वह थाना कोतवाली जिला कटनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ है उसका बेटा धीरज चौधरी 20 वर्ष सात अगस्त को को मोटर सायकल से रक्षाबंधन के त्यौहार में गया था दस अगस्त को शाम लगभग 4-15 बजे उसे फोन पर सूचना मिली कि धीरज का शहपुरा एचपी पेट्रोल पम्प के पास एक्सीडेण्ट हो गया। एम्बुलेंस से शहपुरा अस्पताल भेजा गया शासकीय अस्पताल पहुँचा जहां डाक्टर ने चैक कर उसके बेटे धीरज को मृत घोषित कर दिया।

बरेला में एक्सीडेंट, एक की मौत, दो घायल- बरेला थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट में एक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बरेला में एक्सीडेंट होने से अनिल बैरागी, आकाश मुदलियार, विजय रजक को चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान आकाश मुदलियार 32 वर्ष निवासी ककरैया तलैया महानद्दा गोरखपुर की मौत हो गई।

श्रीमती नीलम दुबे का निधन

जबलपुर। श्रीमती नीलम दुबे 67 वर्ष स्व. कमलेश कुमार दुबे की धर्मपत्नी का स्वर्गवास हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास तमरहाई चौक से आज मंगलवार को सुबह 11 बजे करियापाथर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

आवश्यकता है

ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-

02 पद- (ऑफिस बॉय)

ऑफिस कार्य समय

1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक

2.शाम 4 से रात 10 बजे तक

संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल, शाहिल होण्डा शोरूम के पास, जबलपुर (म.प्र.)

मो.8305852507

उदासीनता **जिम्मेदार नहीं दे रहे है ध्यान**

बैनर-पोस्टरों से पटे रहते है शहर के मुख्य मार्ग

जबलपुर, नवभारत। शहर में मौजूद तमाम सड़के, पर्व त्योहारों या किसी माननीयों के आने के पहले से लेकर उनके विदा होने के बाद तक बैनर पोस्टरों से पटी रहती है। आलम ये है कि कलेक्ट्रेट मार्ग, शास्त्री ब्रिज, नेपियर टाउन जैसे मुख्य मार्गों समेत अन्य चौक-चौराहे, गलियां आदि में अवैध पोस्टर और बैनर कई कई दिनों तक लगे रहते है। राजनीति में रसूख रखने वाले प्रभावशाली लोग इससे सरकार को तो राजस्व नुकसान पहुंचा रहे हैं, साथ ही इस तरह के बैनर-पोस्टर सड़क पर वाहन चालकों के ध्यान भी भटका रहे हैं। ऐसे में बड़े सड़क हादसे की आशंका बढ़ रही है।

अतिक्रमण विभाग की लापरवाही

शहर के राइट टाउन, नेपियर टाउन, उच्च न्यायालय मार्ग एवं कलेक्ट्रेट मार्ग जैसे अन्य इलाकों से रोजना हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। लिहाजा अधिकांश सड़कों पर कामकाजी दिनों में वाहनों का दबाव बना रहता है। ऐसे में वाहन चालकों का आरोप है कि उनकी सुविधा के लिए सड़क पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं हैं। अधिकांश सड़के, चौक-चौराहे, गली आदि स्थानों में बैनर-पोस्टर लगाए जाते हैं। वाहन चालकों का कहना है कि वाहन चलाते समय सड़क पर लगे ऐसे बैनर-पोस्टर पर अनायास उनका ध्यान चला जाता है और इससे उनका ध्यान भटकता है। इससे सड़क पर हादसे की आशंका बढ़ रही है। साथ ही इस तरह के बैनर-पोस्टर से शहर की छवि भी धूमिल होती है।

इनका कहना है

सड़कों और चौक चौराहों पर लगे बैनर पोस्टरो को तत्काल ही हटवाया जाएगा।

मनीष तड़से, अतिक्रमण प्रभारी, नगर निगम

ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में छह प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

जबलपुर। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक पश्चिम मध्य रेल ने कुल रुपये 2951 करोड़ 13 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया।